WestRock कर्मचारी राहत निधि (Employee Relief Fund)

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न - सामान्य

प्रश्न: **कर्मचारी राहत निधि की स्थापना क्यों की गई थी?**

उत्तर: WestRock और हमारे कर्मचारियों का पूरी दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के शिकार लोगों की उदारतापूर्वक सहायता करने का लंबा इतिहास है। वर्ष 2005 में, जब उन समुदायों को आपदा का सामना करना पड़ा था जहाँ हम काम कर रहे थे, तब कर्मचारियों ने अपने साथी सहकर्मियों की सीधे सहायता करने हेतु दान की इच्छा व्यक्त की थी। इसी भावना ने WestRock कर्मचारी राहत निधि के सृजन का मार्ग प्रशस्त किया।

प्रश्न: **निधि से सहायता का अनुरोध कौन कर सकता है?**

उत्तर: इस निधि को दुनिया भर में WestRock कर्मचारियों की सहायता के लिए बनाया गया है। WestRock या किसी संबद्ध कंपनी, जिसमें WestRock का अधिकतर हिस्सा है, उसका कोई भी सक्रिय, पूर्णकालिक या पात्र लाभार्थी, अंशकालिक कर्मचारी इस निधि से अनुदान के लिए आवेदन कर सकता है।

प्रश्न: **यदि हम पति-पत्नी दोनों WestRock के लिए काम करते हैं, तो क्या हम दोनों अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं?**

उत्तर: नहीं। हर घर से केवल एक आवेदन की अनुमति है।

प्रश्न: **इस निधि से किस प्रकार की कठिनाइयों में अनुदान मिलता है?**

उत्तर: कर्मचारी राहत निधि से प्राकृतिक या मानव जनित आपदा के परिणामस्वरूप भोजन, कपड़े या आश्रय जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसमें तूफान, बवंडर, बाढ़, भूकंप, या मूल निवास अथवा पात्र गौण निवास के घर/अपार्टमेंट मे आग लगना शामिल हो सकते हैं।

प्रश्न: **पात्र गौण निवास क्या है?**

उत्तर: पात्र गौण निवास का मतलब है, कर्मचारी के मुख्य निवास के सिवाय ऐसा निवास जिसमें कर्मचारी WestRock द्वारा स्थानांतरण या वास्तविक कार्य संबंधी अन्य कारणों के परिणामस्वरूप रहता है।

प्रश्न: **किस प्रकार की कठिनाइयों में निधि से अनुदान नहीं मिल सकता?**

उत्तर: कर्मचारी राहत निधि के अंतर्गत चिकित्सा या दंत व्यय, अंतिम संस्कार से संबंधित खर्च या यात्रा, या सामान्य वित्तीय कठिनाइयों के लिए अनुदान नहीं दिया जाता।

प्रश्न: **क्या कर्मचारी राहत निधि WestRock Company या WestRock Foundation का हिस्सा है?**

उत्तर: WestRock कर्मचारी राहत निधि अलग से निगमित, कर से छूट प्राप्त सार्वजनिक धर्मार्थ संगठन है। यह WestRock Company या WestRock Foundation का हिस्सा नहीं है।

WestRock कर्मचारी राहत निधि (Employee Relief Fund)

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न - अनुदान के लिए आवेदन करना

प्रश्न: **मैं कर्मचारी राहत निधि से अनुदान के लिए आवेदन कैसे करूं?**

उत्तर: आवेदनपत्र WestRock कर्मचारी राहत निधि की वेबसाइट www.westrockemployeerelieffund.org पर उपलब्ध हैं। आपके स्थानीय मानव संसाधन प्रबंधक से भी फॉर्म प्राप्त किए जा सकते हैं।

प्रश्न: **यदि मैं कोई आवेदनपत्र प्रस्तुत करता/ती हूँ, तो क्या मेरी जानकारी गोपनीय रहेगी?**

उत्तर: पूरी तरह से।

प्रश्न: **मुझे अपना आवेदनपत्र किसके पास भेजना होगा?**

उत्तर: आवेदपत्रों को हमारे गोपनीय फैक्स नंबर 1-804-386-0789 पर फैक्स किया जा सकता है या इस पते पर डाक से भेजा जा सकता है:

WestRock Employee Relief Fund
ATTN: Mandy Burnette
1000 Abernathy Road NE
Atlanta, GA 30328 USA

प्रश्न: **आवेदनपत्र की समीक्षा प्रक्रिया कितने समय चलती है और मैं कब तक उत्तर या निधि पाने की आशा कर सकता/ती हूँ?**

उत्तर: आवेदनपत्र प्राप्त होने के बाद, निधि की प्रशासनिक समिति समीक्षा करेगी और पात्रता निर्धारित करेगी। कृपया प्रोसेसिंग के लिए 2-3 सप्ताह का समय दें।

प्रश्न: **यदि अनुमोदन कर दिया जाता है, तो मुझे मेरी अनुदान राशि कैसे प्राप्त होगी?**

उत्तर: अनुदान भुगतानों को पेरोल के साथ फाइल पर खाते में सीधे जमा कर दिया जाता है। यदि कर्मचारी अपने पेचेक के लिए सीधी जमा का उपयोग नहीं करता है, तो मानव संसाधन के यहाँ फाइल पर दिए गए पते पर चेक डाक से भेज दिया जाएगा।

WestRock कर्मचारी राहत निधि (Employee Relief Fund)

प्रश्न: **कर्मचारियों को निधि द्वारा दिए गए अनुदानों को संघीय या राज्य स्तर पर टैक्स योग्य आय के रूप में माना जाता है?**

उत्तर: अनुदानों को विनियमित करने वाले टैक्स संबंधी कानून देश और क्षेत्र के अनुसार भिन्न होते हैं। सामान्य तौर पर अमेरिका में स्थित कर्मचारियों को दिए गए अनुदानों पर टैक्स नहीं लगता है। सभी अनुदान प्राप्तकर्ताओं को स्वयं को प्राप्त होने वाली निधि का संव्यवहार निर्धारित करने के लिए अपने व्यक्तिगत टैक्स सलाहकारों से परामर्श करना चाहिए।

प्रश्न: **अनुमोदित अनुदानों के लिए कितना पैसा उपलब्ध है?**

उत्तर: अधिकतम अनुदान राशि USD $5,000 है

प्रश्न: **क्या कोई सीमा है कि किसी एक कर्मचारी (और उसके परिवार) को कितनी बार अनुदान प्राप्त हो सकता है?**

उत्तर: हमारी आशा है कि किसी कर्मचारी को अनुदान के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फिर भी, यदि आपदा आती है, तो कर्मचारी राहत निधि उस आपदा के लिए प्रति कर्मचारी एक अनुदान आवेदनपत्र पर विचार करेगी। यदि किसी कर्मचारी को किसी अन्य समय में किसी भिन्न आपदा का सामना करना पड़ा हो, तो एक नया आवेदनपत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

WestRock कर्मचारी राहत निधि (Employee Relief Fund)

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न - निधि में अंशदान

प्रश्न: **कर्मचारी राहत निधि के लिए धन की व्यवस्था कैसे की जाती है?**

उत्तर: कर्मचारी राहत निधि को अपने अधिकांश दान WestRock के कर्मचारियों, कंपनी और WestRock Foundation से प्राप्त होते हैं। यद्यपि कर्मचारी राहत निधि कर्मचारियों की विश्व स्तर पर सहायता करती है, फिर भी संयुक्त राज्य में पंजीकृत एक सार्वजनिक धर्मार्थ संस्था होने के कारण, अमेरिकी आंतरिक राजस्व सेवा (Internal Revenue Service) की अपेक्षा है कि निधि को अंशदान का बड़ा प्रतिशत व्यक्तियों से प्राप्त हो।

प्रश्न: **मैं दान कैसे कर सकता/ती हूँ?**

उत्तर: अमेरिका और कनाडा में कर्मचारी पेरोल कटौती के जरिए दान करने के पात्र हैं। अमेरिका में कर्मचारी चेक के माध्यम से दान कर सकते हैं, और सभी कर्मचारी PayPal के जरिए दान कर सकते हैं।

(कृपया ध्यान दें कि कैलिफोर्निया या इलिनोइस में रहने वाले या काम करने वाले कर्मचारी राज्य के कानूनों के कारण पेरोल कटौती के जरिए अंशदान करने के पात्र नहीं हैं।)

प्रश्न: **यदि मैं चेक से निधि में अंशदान करना चाहता/ती हूँ, तो मैं इसे कहाँ भेजूं?**

उत्तर: आप अपना चेक यहाँ भेज सकते हैं:
WestRock Employee Relief Fund
ATTN: Mandy Burnette
1000 Abernathy Road NE
Atlanta, GA 30328 USA

प्रश्न: **क्या मेरा दान कर में कटौती-योग्य है?**

उत्तर: संयुक्त राज्य आंतरिक राजस्व सेवा ने कर्मचारी राहत निधि को कर से छूट प्राप्त धर्मार्थ संस्था के रूप में वर्गीकृत किया है, जो कानून द्वारा दी गई अनुमति के अनुसार इस निधि में अंशदानों को संयुक्त राज्य में कर में कटौती योग्य बनाता है। पूरी दुनिया के कर कानूनों में भिन्नता के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर स्थित कर्मचारियों को अपने कर सलाहकार से परामर्श करना चाहिए।